प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

चौरासी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने अब से कुछ देर पहले अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। कारीलाल ननोमा को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने अन्य 6 सीटों रामगढ़, झुंझुनूं, देवली–उनियारा, दौसा, खींवसर और सलुंबर सीट पर पहले ही अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए थे। चौरासी सीट शेष रही थी। वहीं कांग्रेस ने कल देर रात सूची जारी कर सभी सात सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये। कल नामांकन भरने का आखिरी दिन है। इससे पहले आज कई प्रत्याशी नामपत्र दाखिल करने पहुंच रहे है। रामगढ से भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने आज अपना नामांकन भरा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव भी मौजूद रहे। इस बीच अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार में जुट गये है। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज झुंझुनूं में प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू के समर्थन में जनसभा कर रहे है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और अन्य नेता तथा पार्टी कार्यकर्ता मौजूद है। गौरतलब है कि प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

..........................

कैन्द्र सरकार ने देश में डायमोनियम फॉस्फेट–डीएपी उर्वरक की कमी से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा है कि ये भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि डीएपी पर सब्सिडी बिल्कुल भी कम नहीं की गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत कोविड के समय से ही एक हजार 350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग रखी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी वर्ष 2024 के लिए डीएपी की सब्सिडी में वृद्धि का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा रबी 2024–2025 के लिए कुल बजटीय आवंटन बढ़ाकर 24 हजार 475 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि कई भू–राजनीतिक कारकों से डीएपी की उपलब्धता कुछ हद तक प्रभावित हुई है। हालाँकि, इस वर्ष सितंबर से नवंबर की अवधि के दौरान उर्वरक विभाग द्वारा डीएपी की उपलब्धता में वृद्धि के लिए गहन प्रयास किए गए हैं।

..........................

सिरोही जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में सारणेश्वर पुलिया के पास आज एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ये हादसा एक कार के असंतुलित होकर पलटने से हुआ। सभी मृतक और घायल कार में सवार थे। घायल महिला को सिरोही के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

..........................

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा नई दिल्ली के भारतीय जन संचार संस्थान की ओर से आज से जयपुर में कम्यूनिटी रेडियो सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान के कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन के संचालक हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन के उदघाटन सत्र को भारतीय जन संचार संस्थान के अपर महानिदेशक डॉ. निमीष, सूचना प्रसारण मंत्रालय में एडिशनल डायरेक्टर गौरीशंकर केसरवानी और प्रोफेसर संगीता प्रणवेंद्र ने संबोधित किया। इस दौरान विभिन्न सत्रों के माध्यम से सामूदायिक रेडियो में वर्तमान चुनौतियों को लेकर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए।

..........................

कुश्ती में, भारत के विश्वजीत रामचन्द्र मोरे ने आज सुबह अल्बानिया के तिराना में अंडर–23 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। मोरे ने पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको–रोमन वर्ग में एडम उलबाशेव को 14–10 से हराया। यह इस चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। इससे पहले, भारत की अंजलि

महिलाओं के 59 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में पहुंच गईं। उन्होंने कल सेमीफाइनल में इटली की अरोरा रूसो को 4—शून्य से हराया। आज रात फाइनल में अंजलि का मुकाबला यूक्रेन की सोलिमिया विनीक से होगा।

..............................